आज़ादी का अमृत महोत्सव

# महिला अध्ययन केन्द्र

**हम सब का यही संकल्प। ग्रामीण नारी बने सशक्त।।**

जून 2021 - मई 2022






## आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## कुमारगंज, अयोध्या (उ.प्र.)



## कुलपति के कलम से

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या महिला सशक्तीकरण हेतु निरन्तर प्रयासशील रहा है जिससे माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनन्दीवेन पटेल की परिकल्पना को साकार किया जा सके। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय द्वारा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अन्तर्गत **महिला अध्ययन केन्द्र** की स्थापना जून, 2021 में की गयी। महिला अध्ययन केन्द्र के माध्यम से विश्वविद्यालय के कार्य क्षेत्र में आने वाली ग्रामीण महिलायें व बालिकाओं को व्यवहारिक रूप से उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, आर्थिक स्वावलम्बन व महिलाओं के विरूद्ध सामाजिक कुरीतियों से उन्मूलन आदि के प्रति जागृत किया जा रहा है। महिलाओं के सम्मुख ऐसी महिलायें जो प्रेरणा श्रोत हैं, को चिन्हांकित कर उनसे परस्पर संवाद स्थापित कराया जा रहा है। महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर का आयोजन कर उनकों पोषण व स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त महिलाओं के सशक्तीकरण तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण, प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण महिलाओं व बच्चों की भागीदारी उत्साहवर्धक है। महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर किशोरियों के उत्थान हेतु प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप ग्रामीण महिलायें एवं बालिकायें लाभान्वित हो रही है।

मैं उपरोक्त उन्नत कार्यो हेतु सामुदायिक महाविद्यालय की अधिष्ठाता, डा० नमिता जोशी, महाविद्यालय के अन्य सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को इस पुनीत काम में उनके योगदान के लिए सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में माननीय कुलाधिपति महोदया की आकांक्षा के अनुरूप महाविद्यालय की गतिविधियां आशातीत सफलता के साथ सम्पादित होंगी।



(बिजेन्द्र सिंह)

# महिलाओं के लिए सम्पादित होने वाले आउटरीच/विस्तार गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम

## उद्देश्य

- ''महिला अध्ययन केन्द्र'' औपचारिक कोर्स संचालित करने का केन्द्र नहीं होना चाहिए वरन् एक ऐसा केन्द्र होना चाहिए जहाँ पर बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, आर्थिक स्वालम्बन की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया जाये।
- विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ महिला जगत को अधिक से अधिक प्राप्त हो सके, इस बारे में उन्हें इनकी जानकारी और व्यवहारिकता से अवगत कराया जाये।
- महिलाओं को अधुनान्त तकनीकी संसाधनों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाये।
- सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ गहन पैठ बनाई जाये और उनसे घुलमिल कर उनका विश्वास जीतने का प्रयास किया जाये।
- महिलाओं के विरूद्ध समाज में व्याप्त परम्परागत कुरीतियों से महिलाओं को सजग किया जाये और ऐसे विषयों पर उनसे ऐतिहासिक और आज के युग में सफल महिलाओं के दृष्टान्त उद्घृत करते हुए विस्तृत चर्चा करके प्रेरित किया जाये।



# मिशन शक्ति कार्यक्रम - 4 मार्च 2021









*डा. डी.के. यादव, डिप्टी एस.पी., उ०प्र० पुलिस* द्वारा **मिशन शक्ति कार्यक्रम** के अन्तर्गत महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानून व लैंगिक पोषण जैसे संवेदनशील विषय पर व्याख्यान दिया गया। छात्राओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, नारी के संग होने वाले अत्याचार इत्यादि विषयों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये तथा भारत को सशक्त बनाने में नारी की भूमिका पर विचार रखे। इस कार्यक्रम में 150 महिलाओं एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# महिला सशक्तिकरण हेतु चिकनकारी कढाई का प्रशिक्षण - 5 से 6 मार्च 2021






(लाभार्थी 35 महिलायें व किशोरियां)



**अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस** के अवसर पर महिलाओं को उनके मौलिक अधिकार, यात्रा के समय सावधानियाँ व कामकाजी महिलाओं के लिए हास्टल सुविधा एवं विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर की जानकारी दी गयी।







ग्रामीण महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण, दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व व खुले में शौच से होने वाले गंभीर परिणामों के बारे में जानकारी दी गयी।









# अन्तर्राष्ट्रीय बाल सुरक्षा दिवस - 1 जून 2021




- **अन्तर्राष्ट्रीय बाल सुरक्षा दिवस** के अवसर पर राम लाल का पुरवा में महिलाओं को नाबालिक बच्चों की सुरक्षा एवं मौलिक अधिकारों तथा अन्जाने में उनके साथ होने वाले अपराधों की तरफ ध्यान आकर्षित किया गया। इस अवसर पर सरकार द्वारा दिये गये विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर की भी जानकारी प्रदान की गयी।
- बाल मजदूरी दिवस पर महिलाओं को बाल मजदूरी रोकने हेतु प्रेरित किया गया।

## चिकित्सक दिवस - 1 जुलाई 2021





- ब्रेस्ट कैंसर तथा सर्वाइकल कैंसर जैसे विषयों पर जागरूकता प्रदान की गयी।
- सुरक्षित मातृत्व गर्भ संस्कार तथा संस्थागत प्रसव हेतु जानकारी ।
- महिलाओं में हिमोग्लोबिन की जाँच की गयी।

# विश्व जुनोसिस दिवस - 6 जुलाई 2021




**विश्व जुनोसिस दिवस** के अवसर पर ग्राम शिवनाथपुर में खेतों में काम करने वाले महिलाओं को पशुओ से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों के विषय में जागृत किया गया। लाभार्थी–25

# विश्व जनसंख्या दिवस - 11 जुलाई 2021



**बढ़ती जनसंख्या एक अभिशाप है** जैसे विषय पर जागृत किया गया, महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण विषय हेतु जागरकता उत्पन्न की गयी तथा पुष्टाकार का वितरण किया गया। ग्रामीण किशोरियों की रक्त जांच एवं वी.एम.आई. निकालकर स्वास्थ्य स्पर्धा आयोजित की गयी।




**अर्न्तराष्ट्रीय न्याय दिवस** के अवसर पर भारतीय संविधान में निहित महिला संबंधी कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## मिशन शक्ति - चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो




**मिशन शक्ति** के कार्यक्रम के अन्र्तगत किशोरियों संग **चुप्पी तोडो खुलकर बोलो** विषय पर चर्चा की गयी। इस अवसर 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं ग्रामीण छात्राओं ने संवेदनशील विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये।





**मित्रता दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय विद्यापीठ इन्टर कालेज, पिठला में समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों एवं घर से बाहर न निकलने देने पर जागृत किया व अन्य गरीब लड़कियों को मुख्य धारा से जोडने के लिए आवाह्न किया गया।

## अर्न्तराष्ट्रीय युवा दिवस - 12 अगस्त 2021
## महिलाओं की जागरूकता हेतु भ्रमण कार्यक्रम













**अर्न्तराष्ट्रीय युवा दिवस** पर महिलाओं एवं किशोरियों हेतु जिला कारागार, विकास भवन तथा कचहरी इत्यादि का भ्रमण कराया गया तथा विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी प्रदान की गयी।

# राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम
# 2 से 7 सितम्बर 2021











**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह** के अवसर पर आंगनबाणी कार्यकत्रियों को बच्चों एवं धात्री महिलाओं हेतु संतुलित आहार का महत्व व कुपोषण को दूर करने के उपाय की जानकारी प्रदान की गयी। महिलाओं को संतुलित आहार बनाने व दूध से बने मूल्यवर्धित पदार्थों को बनाने का प्रशिक्षण दिया गया तथा सभी महिला प्रतिभागियों के रक्त की निःशुल्क जाँच की गई।

# शिक्षक दिवस - 5 सितम्बर 2021










**शिक्षक दिवस** पर राष्ट्रीय विद्यापीठ इन्टर कालेज में किशोरियों को विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान तथा कृषि जैसे विषयों में शिक्षा प्राप्त करके रोजगार की संभावना से परिचय कराया गया। नयी शिक्षा नीति में बालिकाओं हेतु प्रस्तावित व्यवस्था से भिज्ञ कराया गया। विश्वविद्यालय में संवेदनशील विषयों पर नाट्य मंचन कर ध्यान आकर्षित किया गया।










## किसान दिवस के अवसर पर कृषक गोष्ठी आयोजित

### वैज्ञानिक खेती, मृदा उर्वरता एवं विभिन्न खादों को अपने स्तर पर बनाने की दी जानकारी

कुमारगंज, अयोध्या। कृषि महाविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा अंगीकृत ग्राम डोभियारा, ब्लॉक बल्दीराय, जनपद. सुल्तानपुर में किसान दिवस के अवसर पर एक कृषक गोष्ठी का आयोजन प्राथमिक पाठशाला, कन्हई का पूरा, डोभियारा में किया गया। जिसकी अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ0 वेद प्रकाश द्वारा की गयी।

अधिष्ठाता द्वारा स्व0 चौधरी चरण सिंह जी को श्रद्धांजली अर्पित करने के उपरान्त गांव को अंगीकृत करने के उद्देश्य एवं टिकाऊ खेती पर किसान भाइयों को विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके उपरान्त कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 सीताराम मिश्रा द्वारा मौसम आधारित खेती, मौसम तथा समय से खेती की उपयोगिता पर विस्तृत व्यख्यान दिया गया। साथ ही किसानो को यह भी विश्वास दिलाया की समय-समय पर मौसम की जानकारी कृषि विश्व विद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में महिला किसानों की अच्छी

प्रतिभा सिंह, विभागाध्यक्ष, कृषि जीव रसायन विभाग ने महिला किसानों को स्वरोजगार पर काफी विस्तृत व्यख्यान दिया गया। डॉ0 सिंह द्वारा महिला किसानों से आवाहन किया गया की वह अपने नियमित गृह कार्यों के उपरान्त जीविकोपार्जन एवं खुशहाल जीवन शैली हेतु घर पर ही रहकर विभिन्न प्रकार से आय के स्रोत बना सकती हैं और उन्होंने बल दिया कि ऐसी महिला किसान जो इस प्रकार के कार्य घर पर रहकर करना चाहती हैं। उन्हें उनके घर पर ही 10-


इत्यादि का निःशुल्क प्रशिक्षण का प्रबन्ध वह स्वयं कर सकती हैं। इस अवसर पर डॉ0 समीर कुमार सिंह ने किसानों को फसलों के कीट एवं रोगों से सम्बंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गयी। डॉ0 अलोक कुमार पाण्डेय द्वारा जैविक खेती, मृदा उर्वरता एवं विभिन्न खादों को अपने स्तर पर बनाने कि जानकारी से किसानों को अवगत कराया गया। डॉ0 उमेश चद्र द्वारा मौन पालन पर किसानों को विस्तृत जानकारी देते हुए उनको खेती के साथ

बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अलोक कुमार सिंह द्वारा किया गया। डॉ0 अलोक कुमार सिंह द्वारा बिना लागत बढ़ाये उनकी उपज में वृद्धि हेतु समेकित जानकारी प्रदान कि गयी साथ ही साथ विश्व विद्यालय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न प्रजातियों के बारे में विधिवत जानकारी दी गयी। ग्राम प्रधान निर्मल सिंह द्वारा कार्यक्रम की उपयोगिता एवं ग्रामसभा की तरफ से वैज्ञानिक मण्डल को हर सम्भव सहयोग प्रदान करने के साथ साथ

**किसान दिवस** पर ग्राम डोभियारा में गोष्ठी की गयी जिसमें मौसम आधारित कृषि तथा लघु कुटीर उद्योग के रूप में महिलायें मशरूम उत्पादन व खाद्य प्रसंस्करण कर आय उर्पाजन कैसे कर सकती हैं, इत्यादि विषयों पर जानकारी प्रदान की गयी।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला एवं छात्रा वैज्ञानिक दिवस
## 11 फरवरी 2022





पदमश्री डा. सोसम्या आईपे



डा. अल्का गोयल



अमर उजाला 12/2/22

**कृषि को समृद्ध बनाने में महिलाओं का अभूतपूर्व योगदान : कुलपति**

राष्ट्रीय वेबिनार में देश भर के 200 विशिष्टजनों ने किया प्रतिभाग

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला एवं छात्रा वैज्ञानिक दिवस** के अवसर पर ग्राम– देहली बाजार स्थित हर्ष महिला पी०जी० कालेज में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के अभूतपूर्व योगदान के विषय पर चर्चा किया गया तथा इस कार्यक्रम में 150 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उक्त अवसर पर छात्राओं को गणित, जीव विज्ञान एवं इंजीनियरिंग इत्यादि विषयों में ''अपनी कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय द्वारा इस अवसर पर कृषि एवं विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका विषयक एक राष्ट्रीय बेवीनार का आयोजन किया गया जिसमें देश भर के लगभग 200 विशिष्टजनों ने प्रतिभाग किया जिसके प्रमुख वक्ता पद्यम् श्री डा० सोसमा आइपे तथा अल्का गोयल, अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, जी० बी० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर थी। डा० सोसम्मा आइपे ने स्थानीय पशुओं के संरक्षण पर व्याख्यान दिया तथा डा० अल्का गोयल ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने ''आजीविका के अवसर पर'' व्याख्यान दिया।

# नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर - 5 जनवरी 2022







पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अन्तर्गत परिसर चिकित्सालय द्वारा **नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर** आयोजित किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं, कर्मचारियों तथा प्रक्षेत्र एवं निर्माण कार्य करने वाली 104 महिलाओं के नेत्रों की जांच कर परामर्श दिया गया।

## राष्ट्रीय महिला दिवस – 13 फरवरी 2022





लोकमित्र 15/2/2022

कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ राष्ट्रीय महिला दिवस

**राष्ट्रीय महिला दिवस** (13 फरवरी) के अवसर पर मात्सिकीय महाविद्यालय द्वारा ग्राम–गडौली की महिलाओं को महाविद्यालय में दुग्ध एवं मत्स्य मूलवर्धित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिभागी–200 महिलायें।

# हुनर हाट - 7 मार्च 2022















आजादी के अमृत महोत्सव के अर्न्तगत दिनांक 7 मार्च 2022 को सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा एक विशेष हुनर हाट का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण महिलाओं, परिसरवासी बालिकाओं तथा एन0जी0ओ0 से सम्बद्ध महिलाओं द्वारा हाथ से बनायी गयी सामग्री का प्रदर्शन किया गया जैसे बैग, फेसमास्क, चूड़ी आभूषण, खाद्य पदार्थ इत्यादि। उक्त हाट का आकर्षण केन्द्र प्लास्टिक बोतलों से बने सजावटी सामान रहे। प्रतिभागी–40



**अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस** के अवसर पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्रामीण महिलाओं हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं को पपीते के लड्डू, पपीते का जैम, नवजात शिशुओं हेतु पौष्टिक आहार तथा सुतली से बने विभिन्न उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त अवसर पर छात्राओं हेतु रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रतिभागी–78 महिलायें।



सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा जोरियम ग्राम में रावे के अर्न्तगत महिलाओं को चूड़ी बनाना, मेकरम अथवा सुतली के उत्पाद तथा कपडे में बन्धेज रंगाई का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त के अतिरिक्त महिलाओं को वोट के अधिकार हेतु भी जागृत किया गया।

# विश्व पृथ्वी दिवस - 22 अप्रैल 2022















**पृथ्वी दिवस** के अवसर पर पौध रोपण कर प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण एवं इनके अपव्यय को रोकने हेतु छात्राओं को जागरूक किया गया तथा ग्रामीण बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

# के.वी.के. मसौधा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम - 28 से 29 अक्टूबर 2021





महिला सशक्तीकरण हेतु सहजन की पत्ती के मूल्यवर्धित खाद्य पदार्थ जैसे नमकीन, पराठा, चकरी, अलसी के लड्डू बनाने का प्रशिक्षण दिया गया

## मोबाइल पशु चिकित्सा का संचालन




पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वारा **मोबाइल पशु चिकित्सा** सेवा प्रारम्भ की गयी है जिसमें किसानों के पशुओं को गांव–गांव जाकर निःशुल्क चिकित्सीय सेवायें प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# निःशुल्क रक्त जाँच शिविर





**1 जुलाई 2021** **11 जुलाई 2021**





**1 फरवरी 2021** **2 अगस्त 2021**

विश्वविद्यालय के अर्न्तगत परिसर चिकित्सालय द्वारा समय–समय पर निशुल्क रक्त जांच शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसके माध्यम से छात्र–छात्राओं, कर्मचारियों तथा प्रक्षेत्र एवं निर्माण कार्य करने वाली 500 से अधिक महिलाओं की निःशुल्क हीमोग्लोबिन एवं रक्त समूह आदि की जांच की जा चुकी है तथा ऐनिमिक महिलाओं को आयरन की गोलियां वितरित की जा रही हैं।

# रक्त दान शिविर - 9 अक्टूबर 2021

















# क्षय रोगियों के मध्य पुष्टाहार वितरण













विश्वविद्यालय के अन्र्तगत परिसर चिकित्सालय द्वारा समय–समय पर मानव कल्याण हेतु रक्त दान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं एवं क्षय रोगियों को पुष्टाहार वितरण किये जा रहे हैं।

# हुनर हाट - 16 अप्रैल 2022














- महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वालम्बन हेतु सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं, जैसे सिलाई, चिकनकारी कढ़ाई, मास्क बनाना, मैक्रम अथवा सुतली से गृह उपयोगी अथवा सजावटी समान बनाना इत्यादि।
- विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा जोरियम ग्राम में ग्रामीण महिलाओं को चूड़ी बनाना, रंगोली बनाना घड़ा टांगने हेतु पाट होल्डर, बंधेज की रंगाई, दैनिक कार्य हेतु बैग, दरवाजे पर टांगने का तोरन बनाना सिखाया गया।
- महिलाओं के स्वास्थ्य जाँच हेतु समय समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्त जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, अद्यतन् दस शिविर के माध्यम से **351** गरीब ग्रामीण महिला एवं **209** पुरुष लाभान्वित हो चुके हैं। उक्त शिविरों के माध्यम से महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही एनीमिया ग्रस्त महिलाओं को आयरन गोलियों का वितरण किया गया।
- विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गरीब ग्रामीण क्षय रोगियों को परिसर चिकित्साय के माध्यम से निःशुल्क पोषक आहार का प्रतिमाह वितरण वर्ष **2020** से अद्यतन किया जा रहा है।
- महिलाओं को पोषण वाटिका के माध्यम से कीटनाशी विहीन सब्जीयों के उत्पादन हेतु प्रेरित किया गया ताकि पोषण एंव स्वास्थ्य सुरक्षा मिल सके। इसके अतिरिक्त महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस व अन्य पोषक तत्वों के पूर्ति हेतु आंवला, सहजन, जिमीकन्द एंव मूंगफली की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी।
- महाविद्यालय में संचालित आर.के.वी.वाई. परियोजना के माध्यम से तीन दिवसीय चार प्रशिक्षण कराये गये जिसमें **400** महिलाओ ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रशिक्षण में महिलाओं के श्रम को कम करने हेतु आधुनिक कृषि यंत्रो एंव कार्य क्षेत्र में उचित मुद्रा के महत्व पर जानकारी प्रदान की गयी ताकि वे अपनी कार्यक्षमता बढ़ा सके। इसके अतिरिक्त उन्हें महाविद्यालय में संचालित अन्य गतिविधियो से अवगत कराया गया ताकि उनकी आजीविका में वृद्धि हो सके।
- विश्व स्तनपान सप्ताह एवं पोषण सप्ताह के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान हेतु प्रेरित किया गया ताकि वे स्वयं एवं शिशु के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। इस अवसर पर महिलाओं को स्तनपान के लाभ सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई तथा शिशुओं हेतु गृह निर्मित पूरक आहार बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।
- स्कूली छात्रों को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जनसंख्या नियंत्रण, महिलाओ के प्रति सम्मान, गृह एवं सामाजिक कार्यों में बराबर की भागीदारी हेतु जागृत किया जा रहा है।
- पशुचिकित्सा महाविद्यालय द्वारा रैबीज नामक घातक बीमारी के प्रति ग्रामीण स्कूलों में जागरूकता अभियान चला कर अद्यातन **1000** से अधिक बच्चो व ग्रामीणों को जागरूक किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त मोबाइल चिकित्सा सेवा के माध्यम से पशुपालकों को निःशुल्क परामर्श एवं सेवाये उपलब्ध करायी जा रही है।
- महिला किसान दिवस, कृषि शिक्षा दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं विभिन्न गोष्ठियों के माध्यम से मौसम आधारित कृषि, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, जल संचय आधारित कृषि एवं उच्च पोषण युक्त फसलों के उत्पादन पर बल दिया जा रहा है।
- पर्यावण दिवस एवं अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से महिलाओं को सिगंल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान से अवगत कराया गया तथा निप्रयोज्य प्लास्टिक जैसे चम्मच, कटोरी, प्लेट एवं बोतलों से आकर्षक सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

**महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा महिलाओं के सपनों को मिल रही नई उड़ान**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## "हम सब का यही संकल्प, ग्रामीण नारी बने सशक्त"








संरक्षकः
**डा० बिजेन्द्र सिंह कुलपति**

महिला अध्ययन केन्द्र समितिः
डा० नमिता जोशी, समन्वयक एवं अधिष्ठाता
डा० सुमन प्रसाद मौर्या, सह प्राध्यापक
डा० साधना सिंह, सह प्राध्यापक
डा० आभा सिंह, सह प्राध्यापक
डा० पूनम सिंह, सहायक प्राध्यापक
श्रीमती सरिता श्रीवास्तव, विषय वस्तु विशेषज्ञ

संकलन एवं सम्पादनः
**डा० नमिता जोशी**

तकनीकी सहायकः
श्री अमरजीत सिंह
श्री सुधीर सिंह

BAKHSHISH # 9415004709

**आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय**
**कुमारगंज, अयोध्या (उ.प्र.)**